>

Title : Need to give approval for the construction of Mopa Airport in Goa.

श्री श्रीपाद येसो नाईक (उत्तर गोवा): गोवा एक विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। यहां पर प्रतिवÂ◌ाऩ लाखों सैलानी देश-विदेश से आते हैं। इससे जहां लोगों को रोजगार प्राप्त होता है वहीं राज्य एवं केन्द्र सरकार को बड़ी मात्रा में देशी तथा विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती हैं किन्तु वर्तमान में गोवा में जो एयरपोर्ट है, उसमें आवश्यक सुविधाएं आदि न होने के कारण सैलानियों को भारी परेशानी होती है और इससे गोवा के पर्यटन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

पूर्व एन.डी.ए. सरकार ने नॉर्थ गोवा में एक आधुनिक मोपा एयरपोर्ट बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी। इस हेतु जमीन का अधिग्रहण भी कर लिया गया था परन्तु अभी तक फाइनल अवार्ड होना बाकी था, किन्तु किन्हीं कारणों से वर्तमान सरकार द्वारा उक्त सारी प्रक्रिया रोक दी गई जिससे गोवा के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सरकार द्वारा इस संबंध में एक समिति भी नियुक्ति की गई थी जिसने अपनी रिपोर्ट में उक्त एयरपोर्ट बनाये जाने को सहमति दी थी।

अतः मेरा नागरिक उड्डयन मंत्री एवं केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गोवा में मोपा एयरपोर्ट के निर्माण हेतु आवश्यक अनुमति प्रदान कर शीघ्र निर्माण कार्य आरंभ कराया जाए। इसके लिए जो कुछ औपचारिकताएं बाकी हैं, उनको शीघ्र पूरा किया जावे।